Helpline 1064

94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **अजमेर में पटवारी एकलसिंघा तहसील भिनाय जिला अजमेर व अन्य 5,000/- रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।**

जयपुर, 18 जून, बुधवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी अजमेर ईकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुए आरोपी श्री विकास कुमार पटवारी, पटवार हल्का एकलसिंघा तहसील भिनाय जिला अजमेर व पन्ना चैनमैन पटवार मण्डल एकलसिंघा तहसील भिनाय जिला अजमेर को परिवादी की पैतृक कृषि भूमि के विरासत का नामान्तरण खोलने की एवज में पटवारी श्री विकास कुमार द्वारा परिवादी से 5500/- रूपये रिश्वत की मांग की जाकर आज दिनांक 18.06.2025 को परिवादी से रिश्वत राशि 5,000/- रूपये पटवार मण्डल एकल सिंघा के चैनमैन को दिलवाई जो रिश्वत राशि परिवादी से प्राप्त कर आरोपी पन्ना के पास से रिश्वत राशि 5,000/- बरामद की गई।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा** ने बताया कि एसीबी चौकी अजमेर को एक शिकायत इस आशय की मिली कि गांव एकलसिंघा तहसील भिनाय जिला अजमेर में सामलाती कृषि भूमि का परिवादी के पिताजी की मृत्यु के पश्चात विरासत का नामान्तरण खोलने की एवज में पटवारी श्री विकास कुमार द्वारा 5500/- रूपये रिश्वत की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी अजमेर रेंज के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री कालूराम रावत** के सुपरविजन में एसीबी चौकी अजमेर के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री भागचन्द्र** के नेतृत्व में आज **पुलिस निरीक्षक श्रीमती मीरा बेनीवाल** मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी श्री विकास कुमार पटवारी पटवार हल्का एकलसिंघा तहसील भिनाय जिला अजमेर एवं पन्ना चैनमैन पटवार हल्का एकलसिंघा को 5,000/- रूपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जावेगा।